UPBS010026042025

**न्यायालय अपर जिला जज, न्यायालय संख्या-2, जनपद बस्ती।**

**पीठासीन अधिकारी- (राम करन यादव), (उच्चतर न्यायिक सेवा) UP6394**

प्रकीर्ण वाद संख्या-99/2025

संजय कुमार बनाम मदर टेरिसा बालका कालेज आदि

**दिनांक-25-02-2026**

निस्तारण प्रार्थनापत्र कागज संख्या 14 ग बाबत नोटिस का तामीला जरिये प्रकाशन।

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर अपलार्थी के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। विपक्षीगण अनुपस्थित हैं। अपीलार्थी की ओर से प्रार्थनापत्र कागज संख्या 14 ग बाबत नोटिस का तामीला जरिये प्रकाशन कराये जाने हेतु इस आशय का कथन करते हुये प्रस्तुत किया गया है कि उपरोक्त वाद में विपक्षीगण को न्यायालय के आदेशानुसार सम्मन व रजिस्टड पोस्ट सम्मन के माध्यम से सम्मन भेजा गया। विपक्षीगण मुकदमें की कार्यवाही जानने के बाद न्यायालय उपस्थित नहीं आ रहे हैं जबकि विपक्षीगण वाद पत्र में दिये गये पते पर स्थायी रूप से निवास करते हैं। अतः विपक्षीगण पर सम्मन का तामीला जरिये स्थानीय समाचार पत्र में कराने जाने हेतु आदेश देने की याचना की गयी है।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया। प्रस्तुत मामले में प्रत्यर्थीगण पर नोटिस तामीला हेतु पंजीकृत डाक से नोटिस भेजी गयी जो पोस्ट ऑफिस की इस आख्या के साथ वापस प्राप्त हुयी है कि प्राप्तकर्ता के घर बार-बार जाने के बावजूद भी प्राप्तकर्ता नहीं मिले। आवेदक का कथन है कि प्रत्यर्थीगण मुकदमें की कार्यवाही जानने के बाद न्यायालय उपस्थित नहीं आ रहे हैं जबकि प्रत्यर्थीगण वाद पत्र में दिये गये पते पर स्थायी रूप से निवास करते हैं। उक्त कथन शपथपत्र से समर्थित है। मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों में प्रत्यर्थीगण पर उसके निवास स्थान में व्यापक रूप से परिचालित स्थानीय समाचारपत्र में प्रकाशन के द्वारा नोटिस का तामीला कराया जाना न्यायसंगत प्रतीत होता है।

आवेदक का प्रार्थनापत्र कागज संख्या 14 ग बाबत प्रकाशन स्वीकार किया जाता है। अपीलार्थी प्रत्यर्थीगण के निवास स्थान में व्यापक रूप से परिचालित स्थानीय समाचारपत्र में प्रकाशन हेतु आवश्यक पैरवी 7 दिन में करे। पत्रावली वास्ते अग्रिम आदेश दिनाँक 19-03-2026 को पेश हो।

दिनांक 25-02-2026

(राम करन यादव)
J.O. Code-U.P.6394
अपर जिला जज
न्यायालय संख्या-2,बस्ती।

Digitally signed by RAM KARAN YADAV
Date: 2026.02.28 00:55:00 CET
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court